राजस्थान सरकार
औषधि नियंत्रण संगठन, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग
जयपुर, राजस्थान।

दिनांकः 22-3-2012

क्रमांक / डीसी / लेखा / सीडीएल / 2012 / 29

समस्त सहायक औषधि नियंत्रक
राजस्थान।

विषय :- केन्द्रीय औषधि प्रयोगशाला कोलकाता के बकाया बिलों के भुगतान बाबत।

संदर्भ :- निदेशक, केन्द्रीय औषधि प्रयोगशाला, कोलकाता के पत्र क्रमांक 27-1 / 2011-55 / 3800 दिनांक 20.01.2012

संदर्भित पत्र के द्वारा निदेशक, केन्द्रीय औषधि प्रयोगशाला, कोलकाता ने वर्ष 2004 से 2011 तक की अवधि में औषधियों के नमूने टेस्टिंग के बकाया बिलों की सूची जिलेवार इस कार्यालय को प्रेषित की है। सूची में अंकित बकाया बिलों का मिलान औषधि नियंत्रण अधिकारियों को इस कार्यालय से माह दिसम्बर 2011 एवं जनवरी 2012 से प्रेषित बिलों से कर लिया गया है। औषधि नियंत्रण अधिकारियों को उक्त दो महिनों में भेजे गये नमूना टेस्टिंग के बिलों की राशि के आगे सही का चिन्ह (✓) अंकित कर दिया गया है। जिन बिलों के आगे सही का चिन्ह (✓) अंकित नहीं है वे बिल पूर्व में निदेशक, केन्द्रीय औषधि प्रयोगशाला, कोलकाता के द्वारा सीधे ही औषधि नियंत्रण अधिकारियों को प्रेषित किये जा चुके थे।

उक्तानुसार बकाया नमूना टेस्टिंग के बिलों की सूची आपको प्रेषित की जाती है। उक्त सूची में अंकित औषधि नियंत्रण अधिकारियों को इसकी छाया प्रति आपके स्तर से उपलब्ध कराया जाकर भुगतान सम्बन्धी विवरण माह अप्रेल 2012 की मासिक प्रगति रिपोर्ट के साथ संलग्न कर भिजवाया जाना सुनिश्चित किया जाना है। कृपया ध्यान रहे कि बकाया बिलों के भुगतान सम्बन्धी विवरण अप्रेल 2012 की मासिक प्रगति रिपोर्ट के साथ प्राप्त नहीं होने पर मासिक प्रगति रिपोर्ट स्वीकार्य नहीं होगी।

संलग्नः- बकाया बिलों की सूची।

ह०
औषधि नियंत्रक
राज0 जयपुर

29 / 22-3-2012

प्रतिलिपि-

1. समस्त औषधि नियंत्रण अधिकारी, राजस्थान को भेजकर निर्देशित किया जाता है कि आपके सहायक औषधि नियंत्रक से वर्णित सूची प्राप्त कर बकाया बिलों के भुगतान का विवरण माह अप्रेल 2012 की मासिक प्रगति रिपोर्ट के साथ अधोहस्ताक्षकर्ता को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।अन्यथा उक्त मासिक प्रगति रिपोर्ट स्वीकार्य नहीं की जावेगी।
2. सी-डेस्क प्रभारी, पालनार्थ
3. I/C, I.T. सर्वर रूम को भेजकर लेख है कि उक्त पत्र चिकित्सा विभाग की Web. site पर upload कराने का श्रम करें।

औषधि नियंत्रक
राज0 जयपुर